स्वतंत्रता

अंशिका मोंगा
कक्षा:नवम्

"क्या आत्म निर्भरता ही स्वतंत्रता है?"
"आत्मनिर्भर भारत श्रेष्ठ भारत।"

मैं भारत को आत्मनिर्भर बनाने के पक्ष में हूँ। यदि हमारे देशवासी आत्मनिर्भर बन जाएँ तो निश्चित रूप से देश की प्रगति और उन्नति होगी। बेरोज़गारी दूर करने का बहुत ही सरल और सहज उपाय आत्मनिर्भरता है। सच तो यह है कि आत्मनिर्भरता से ही हम सच्ची स्वतंत्रता को जन्म दे सकते हैं। यदि भारत में हर क्षेत्र में लोग आत्मनिर्भर बन जाएँ तो अनेक समस्याओं का निदान भी हो जाएगा। मैंआत्मनिर्भर भारत बनने के लिए सबसे पहले किसानों की दीन दशा को दूर करने का प्रयास करूँगी क्योंकि भारत की लगभग ७०% जनसंख्या कृषि पर निर्भर है। उन्नत बीज, अच्छी सिंचाई, उत्तम खाद के प्रयोग से वे प्रचुर मात्रा में अनाज उत्पन्न कर सकेंगे। यदि किसान की आय बढ़ जाए तो वे निश्चित रूप से आत्मनिर्भर भारत बनाने में श्रेष्ठ भूमिका निभा पाएँगे।

"जब आप आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करते हैं, तब आप एक आत्मनिर्भर भारत बनाने का प्रयास करते हैं।"